RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 15 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 54 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नाइजीरियाई व्यक्ति के पास से 20 लाख रुपये मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद



**मुंबई :** मुंबई अपराध शाखा के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने उपनगरीय बोरिवली से 20 लाख रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ 'मेफेड्रोन' जब्त किया और इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी को मंगलवार शाम गश्त के दौरान पकड़ा गया। उसकी तलाशी के दौरान 102 मिलीग्राम 'मेफेड्रोन' बरामद की गई। एएनसी के अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान ने बताया कि वह वैध दस्तावेजों और पासपोर्ट के बिना भारत में रह रहा है। अधिकारी ने कहा कि स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## केक पर औरंगजेब की फोटो...
# राज ठाकरे ने गले के पास घोंपा चाकू, क्लियर किया अपना स्टैंड



**मुंबई:** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे का आज (14 जून, बुधवार) जन्मदिन है. हालांकि उन्होंने इस बार पहले ही यह ऐलान कर दिया था कि कार्यकर्ता ज्यादा धूमधड़ाका न करें, उनके पोते की तबीयत खराब है. लेकिन कार्यकर्ता कहां सुनने वाले थे. बड़ी तादाद में उन्हें कार्यकर्ता और नेता शुभकामनाएं देने के लिए मुंबई के दादर में स्थित उनके निवास शिवतीर्थ पर पहुंच गए. इनमें से एक कार्यकर्ता औरंगजेब की तस्वीर बने हुए केक को लेकर पहुंचा. राज ठाकरे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर इस औरंगजेब की तस्वीर बने हुए केक को काटा. केक में औरंगजेब की तस्वीर के साथ -साथ नीचे लाउडस्पीकर भी बना था. इस पर क्रॉस बनाकर कट किया गया है. यानी यह राज ठाकरे के मस्जिदों में लाउडस्पीकर लगाए जाने के विरोध में किए गए आंदोलन की याद दिला रहा था।

### केक पर लाउडस्पीकर भी बना था... उस पर भी क्रॉस किया

केक पर औरंगजेब की तस्वीर के साथ ही लाउडस्पीकर की तस्वीर भी बनी थी. उसे भी कट किया हुआ था. राज ठाकरे ने उस पर भी चाकू घोंप कर बता दिया कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारने को लेकर शुरू की गई उनकी मुहिम अभी खत्म नहीं हुई है. हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने एक बार फिर उस मुहिम को लेकर यह दोहराया था कि अगर मस्जिदों में लाउडस्पीकर को लेकर नियमों का ध्यान नहीं रखा गया तो उससे डबल आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने की मुहिम वो फिर शुरू करेंगे.

### कट गया औरंगजेब का केक, ऐसे हुआ राज ठाकरे का बर्थ डे सेलिब्रेट

राज ठाकरे ने अपने जन्मदिन पर औरंगजेब का केट काटकर कोई कंफ्यूजन नहीं छोड़ा है. अपने स्टैंड एक बार फिर क्लियर किया है. औरंगजेब उनकी नजर में हिंदू विरोधी है, तो है. मुगल बादशाह उनके लिए छत्रपति शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज का दुश्मन नंबर एक है, तो उसके खिलाफ उतनी ही नफरत है. औरंगजेब का फोटो लहराने वालों और अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर लगाने वालों के लिए उनका मैसेज साफ है. जो ऐसा करता है वो महाराष्ट्र के खिलाफ है. जो महाराष्ट्र के खिलाफ है, उनके लिए राज ठाकरे के मन में आग है.

## सीएम एकनाथ शिंदे
# ईडी का प्रोडक्शन
### तमिलनाडु के बिजली मंत्री सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी पर बोले संजय राउत



**मुंबई :** तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी पर ईडी की कार्रवाई को लेकर सांसद संजय राउत ने निशाना साधा है। संजय राउत ने कहा कि ईडी द्वारा विरोधी दलों को डराने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ईडी नहीं होती तो महाराष्ट्र की सरकार नहीं बन पाती। आज के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ईडी का प्रोडक्शन हैं।

**संजय राउत ने पूछे सवाल**

संजय राउत ने कहा कि हम उनके (भाजपा) लोगों के खिलाफ सबूत के साथ शिकायतें भेजते रहते हैं। इनके खिलाफ जांच कब शुरू होगी?

**तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ ईडी की कार्रवाई**

बता दें कि ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बालाजी के करूर स्थित आवास और राज्य सचिवालय स्थित उनके कार्यालय पर छापेमारी की। इसके अलावा करूर में उनके भाई और एक करीबी सहयोगी के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई।

# मवेशी ले जा रहे मुस्लिम व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या का आरोप
## खाई में मिली लाश... छह हिरासत में

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मवेशियों को ले जा रहे 23 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित रूप से गो रक्षकों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अपराध 10 जून को तब सामने आया जब लुकमान अंसारी का शव घाटनदेवी में एक खाई से बरामद किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने अब तक छह गोरक्षकों को हिरासत में लिया है। साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि सभी आरोपी



व्यक्ति दक्षिणपंथी संगठन राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि अंसारी अपने दो सहयोगियों के साथ 8 जून को अपने टेंपो पर मवेशियों को ले जा रहा था। ठाणे जिले के साहापुर के विहिगांव में लगभग 10-15 कार्यकताओं ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद चार गायों को बचाया। बाद में घटानदेवी की ओर टेंपो ले गए। सुनसान जगह पर टेंपो को रोक लिया और तीनों के साथ कथित तौर पर मारपीट शुरू कर दी। अधिकारी ने बताया कि अंसारी का साथी भागने में सफल रहा, लेकिन अंसारी आरोपियों की दबोच में आ गया। वहीं, आरोपियों का कहना है कि अंसारी की मौत खाई में गिरने से हुई थी। हालांकि, पुलिस को संदेह है कि पिटाई के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत एक सहित दो मामले दर्ज किए गए हैं।

# कोर्ट से सैम डिसूजा को नहीं मिली राहत
## अदालत ने खारिज की अग्रिम जमानत याचिका

**महाराष्ट्र :** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने बुधवार (14 जून) को कोर्डेलिया क्रूज जहाज पर 2021 में ड्रग्स के भंडाफोड़ से जुड़े रिश्वतखोरी के एक मामले में आरोपी सैनविल उर्फ सैम डिसूजा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई के पूर्व जोनल



निदेशक समीर वानखेड़े रिश्वत मामले में मुख्य आरोपी हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान से उनके बेटे आर्यन के लिए कथित रूप से 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एस एम मेंजोंगे ने डिसूजा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। डिसूजा ने अपनी पूर्व-गिरफ्तारी जमानत याचिका में दावा किया कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर झूठी और मनगढ़ंत मौखिक कल्पना पर आधारित है, जिसमें कोई भी आरोप साबित नहीं हुआ है। इस याचिका में उन्होंने यह भी कहा कि शाहरुख या आर्यन खान की ओर से रिश्वत मांगने के संबंध में कोई शिकायत नहीं की गई है।

### डिसूजा पर है यह गंभीर आरोप

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि डिसूजा ने आर्यन खान को मामले में आरोपी नहीं बनाने के लिए शाहरुख के परिवार से 25 करोड़ रुपये वसूलने के लिए 'पंच' गवाह के साथ साजिश रची थी। बता दें कि 'पंच' एक स्वतंत्र गवाह होता है जो कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान मौजूद रहता है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि मामला 18 करोड़ रुपये में तय हुआ और डिसूजा और पंच गवाह ने 50 लाख रुपये की सांकेतिक राशि ली और इसका एक हिस्सा बाद में उनके द्वारा वापस कर दिया गया।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख

(प्रधान संपादक)

# विश्वास बहाली जरूरी

मणिपुर में एक माह पहले दो समुदायों के बीच शुरू हुई हिंसा की घटनाओं का पटाक्षेप न हो पाना बताता है कि राज्य में विवाद व अविश्वास की जड़ें गहरी हैं। वहीं अलग-अलग नस्ली समूहों के बीच शांति स्थापना के मकसद से बनायी गई शांति समिति की गठन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल समस्या की जटिलता की ओर इशारा कर रहे हैं। जाहिर है कि कूकी समुदाय के लोगों का भरोसा जीते बिना शांति के प्रयास सिरे चढ़ाने मुश्किल ही होंगे। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस गैर जरूरी विवाद में अब तक सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और पचास हजार के करीब लोग बेघर हो गये हैं। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना चाहिए कि यह सीमावर्ती राज्य कई दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। यहां के टकराव की तपिश निकटवर्ती राज्यों में भी फैल सकती है। चिंता की बात यह है कि कूकी समुदाय के लोग शांति समिति के पैनल में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह व उनके समर्थकों की उपस्थिति का विरोध कर रहे हैं। उनका तर्क है कि कूकी समुदाय के खिलाफ अभियान चलाने वाले संगठन के लोग भी शांति समिति में शामिल किये गये हैं। वहीं कूकी समुदाय के कुछ लोगों का कहना है कि उनकी सहमति के बिना उन्हें शांति समिति में शामिल किया गया है। बहरहाल, कुल मिलाकर मणिपुर का यह संघर्ष राष्ट्र के संघीय ढांचे की भावना के विपरीत दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा। केंद्र सरकार की भी कोशिश होनी चाहिए कि राज्यपाल के नेतृत्व वाली समिति के 51 सदस्यों को लेकर सभी पक्षों की सहमति बने। वहीं कूकी समुदाय के लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार हस्तक्षेप करके वार्ता के लिये अनुकूल वातावरण बनाने में मदद करे। कूकी समुदाय के विरोध के मूल में एक आरोप यह भी है कि उनके खिलाफ अभियान चलाने वाले एक नागरिक समूह के सदस्यों को शांति समिति में शामिल किया गया है।

दरअसल, मणिपुर में हुए हालिया संघर्ष के मूल में मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिया जाना बताया जाता है। इस निर्णय के विरोध स्वरूप उपजे विवाद के चलते ही राज्य हिंसा की चपेट में आ गया। दरअसल, करीब 53 फीसदी आबादी वाले मैतेई समुदाय के पास राज्य में महज दस फीसदी जमीन है जबकि चालीस फीसदी आबादी वाले कूकी समुदाय के पास 90 फीसदी जमीन है। यह असंतुलन अकसर दोनों समुदायों में टकराव का कारण बनता रहा है। यह पहले से ही कयास लगाये जा रहे थे कि मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिये जाने के बाद राज्य में अशांति का माहौल बन सकता है। कालांतर ऐसा हुआ भी। सतही तौर पर राज्य में हिंसक वारदातें थमी नजर आती हैं लेकिन इस विवाद का पटाक्षेप जल्दी हो पायेगा, ऐसे आसार नजर नहीं आते। आबादी और जमीन के असंतुलन का विवाद तुरत-फुरत थमता नजर नहीं आता है क्योंकि मौजूदा परिस्थितियों में इस अनुपात में बड़ा परिवर्तन संभव भी नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री के हस्तक्षेप व सुरक्षा बलों की संख्या बढ़ाने के बावजूद सतही शांति तो नजर आती है। सवाल है कि यह स्थिति कब तक कायम रह सकती है। वह भी तब जब मैतेई समुदाय आरक्षण को अपने जीवन के लिये जरूरी बता रहा है तो आदिवासी समुदाय इसे क्षेत्र में असंतुलन पैदा करने वाला बता रहा है। कूकी समुदाय इसे अपने अस्तित्व के लिये खतरा बताता है। जाहिर है इस जटिल समस्या का समाधान दोनों पक्षों के बीच विश्वास बढ़ाकर ही किया जा सकता है। यह विश्वास दोनों पक्षों के बीच बातचीत बनाये रखने से ही बढ़ेगा। यह कार्य सुरक्षा बलों की तैनाती से भी संभव नहीं होगा क्योंकि क्षेत्र में चरमपंथियों की सक्रियता का इतिहास भी रहा है। ऐसे में सरकारों का दायित्व बनता है कि पुलिस-प्रशासन बिना किसी पक्षपात के कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें।


+91 99877 75650

editor@rokthoklekhaninews.com

Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


# 'ट्रांसजेंडर को एक्स्ट्रा रिजर्वेशन देना बेहद मुश्किल'...

## महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे कोर्ट में दिया जवाब,याचिका पर 27 जुलाई को होगी अगली सुनवाई



**मुंबई:** राज्य सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया है कि ट्रांसजेंडर को नौकरी व शिक्षा में अतिरिक्त आरक्षण देना बेहद मुश्किल है। मंगलवार को राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने हाई कोर्ट को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि ट्रांसजेंडर को अतिरिक्त आरक्षण दिया गया तो यह सुप्रीम कोर्ट की ओर से आरक्षण पर लगाई गई 50 प्रतिशत सीलिंग का उल्लंघन होगा। इसलिए वर्तमान में ट्रांसजेंडर को अलग से आरक्षण (हॉरिजेंटल व वर्टिकल) देने की संभावना पर विचार करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भी ट्रांसजेंडर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से नैशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी के मामले में जारी दिशा-निर्देशों को अमल में लाने की दिशा में कोई पहल नहीं की है। ऐसे में याचिकाकर्ता चाहें तो सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात को रख सकते हैं। अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

**कर्नाटक की तर्ज पर आरक्षण देने की मांग**

हाई कोर्ट में विनायक कासिद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई चल रही है। याचिका में कासिद ने मुख्य रूप से महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के विभिन्न पदों की भर्ती में ट्रांसजेंडर को आरक्षण देने की मांग की है। सुनवाई के दौरान कासिद के वकील क्रांति एलसी ने अदालत को बताया कि कर्नाटक में ट्रांसजेंडर को सभी श्रेणियों में (सभी जातियों के तहत) एक प्रतिशत का अतिरिक्त आरक्षण दिया गया है। ट्रांसजेंडर के आरक्षण से जुड़ी कर्नाटक की यह नीति महाराष्ट्र सरकार को भी अपनानी चाहिए।

**सरकार ने बनाई थी कमेटी**

गौरतलब है कि मार्च 2023 में हुई इस याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार ने ट्रांसजेंडर के लिए सरकारी नौकरी में भर्ती के लिए स्त्री व पुरुष के अलावा एक तीसरी कैटगरी बनाई थी। यही नहीं, सरकारी नौकरी में ट्रांसजेंडर की नियुक्ति व उनसे जुड़े सभी पहलूओं पर विचार करने के लिए एक 14 सदस्यीय कमेटी भी बनाई थी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार की इस कमेटी को ट्रांसजेंडर के आरक्षण के मुद्दे पर विचार करने को कहा था। मंगलवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नितीन जमादार व न्यायमूर्ति एसवी मारने की खंडपीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि हम चाहते हैं कि पहले विशेषज्ञों की कमेटी इस पूरे मुद्दे पर विचार करे। फिलहाल याचिका पर सुनवाई को स्थगित किया जाता है। अब 27 जुलाई को इस याचिका पर अगली सुनवाई होगी।

# ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर लगेगा बैन!



**मुंबई :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इस मामले में फरार चल रहा मास्टरमाइंड शाहनवाज मकसूद खान उर्फ बद्दो को उसके भाई के साथ महाराष्ट्र के अलीबाग से गिरफ्तार किया गया। उसके अलावा उसके गुर्गों को गाजियाबाद से पकड़ा गया था। बद्दो महाराष्ट्र में बैठकर गाजियाबाद में धर्मांतरण का खेल खेल रहा था। अब ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त कदम उठाने वाली है। सरकार तीन तरह के ऑनलाइन गेम बैन करने की तैयारी कर रही है। ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध को लेकर सरकार ने रूपरेखा तैयार कर ली है। अगर ऐसे गेम बैन होते हैं तो सट्टा लगाने वालों को नुकसान हो सकता है। केंद्रीय आईटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक बयान में कहा है कि हमने ऑनलाइन गेमिंग को लेकर पहली बार एक रूपरेखा तैयार की है, उसमें हम देश में ३ प्रकार के गेम की अनुमति नहीं देंगे। पहले गेम जो सट्टेबाजी में शामिल है, दूसरा अगर किसी को नुकसान पहुंच सकता है, तीसरा लत लग जानाङ्क अगर इनमें से कोई पैष्टक्टर पाया जाता है तो उसे बैन कर दिया जाएगा। बता दें कि हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए धर्म परिवर्तन का एक मामला सामने आया। यूपी पुलिस ने महाराष्ट्र के रायगड़ से शाहनवाज खान नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है, जो ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से बच्चों/युवाओं का धर्म परिवर्तन करवाने का कथित रैकेट चला रहा था। आरोप है कि ऑनलाइन गेम की आड़ में एक मौलवी सहित दो लोगों ने एक १७ साल के लड़के का न सिर्फ धर्म परिवर्तन करा दिया, बल्कि उसके बाद पांच वक्त का नमाजी भी बना डाला।

# पालघर वन विभाग की क्लास 1 महिला अधिकारी के साथ वाहन चालक 60 हजार के रिश्वत लेते गिरफ्तार




**पालघर :** पेड़ काटने को लेकर अनुज्ञप्ति मांग पत्र से स्वामित्व अधिकार एवं निकासी प्रमाण पत्र स्वीकृत कराने के लिए साठ हजार रुपये रिश्वत की मांग की,पालघर भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने वाडा अनुमंडल की सहायक वन संरक्षक वर्षोरानी खरमाटे और उनके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनो आरोपियों को कोर्ट ने 3 दिन तक एसीबी हिरासत में भेज दिया है। पालघर भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के उपाधीक्षक नवनाथ जगताप की टीम ने सोमवार शाम करीब सात बजे यह कार्रवाई की है। वृक्ष कटान अनुज्ञप्ति से स्वामित्व एवं प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु मांग पत्र देने के लिए सहायक वन संरक्षक वर्षारानी खरमाटे ने शिकायतकर्ता से 60 हजार रुपये की मांग की थी।यह ऑपरेशन पालघर भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के पुलिस उपाधीक्षक नवनाथ जगताप के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक स्वपन बिश्वास,पुलिस हवालदार संजय सुतार,निशा मांजरेकर,नितीन पागधरे, योगेश धारणे, पुलिस शिपाई सखाराम दोडे व स्वाती तारवी ने की है।

# ऑनलाइन जिहाद, देवी-देवताओं के बारे अपमानजनक टिप्पणी कर धर्मांतरण कराने की फिराक में था आरोपी, मामला दर्ज

**पालघर :** ऑनलाइन धर्म परिवर्तन का कुछ ऐसा ही मामला पालघर जिले में सामने आया,जहां एक युवक से सोशल मीडिया पर संपर्क करने के बाद कथित तौर पर उसका धर्मांतरण कराने का प्रयास करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। माणिकपुर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक संपतराव पाटिल ने बताया कि युवक के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने ठाणे जिले के मुंब्रा निवासी आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी सोशल मीडिया पर उनके बेटे के संपर्क में था और ऑनलाइन बातचीत के दौरान, उसने हिंदू देवी-देवताओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की, ताकि युवक को धर्म परिवर्तन के लिए राजी किया जा सके। वरिष्ठ निरीक्षक ने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर दावा किया कि उसके पास अलौकिक शक्तियां हैं। पुलिस विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है।

**पुलिस को बारीकी से खोजने होंगे तार**

पुलिस को इन मामलों को हल्के में नही लेकर गंभीरता के तफ्तीश करनी होगी,यह कोई एक बच्चे का सवाल नही है बल्कि ऐसे कई अनगिनत बच्चे भी होंगे जो अभी सामने नही आए है। ये धर्मांतरण का एक बड़ा गिरोह है जो देश मे अलग अलग हिस्सों में अपना नेटवर्क फैला रहा है।





**गाजियाबाद में धर्मान्तरण मामले में बड़ा खुलासा**

गाजियाबाद के ऑनलाइन गेमिंग धर्म परिवर्तन केस में बड़ा खुलासा हुआ है। धर्म परिवर्तन कराने वाले गैंग के शिकार नाबालिगों से पूछताछ में जो जानकारी निकलकर सामने आई है, वह चौंकाने वाली है। इस मामले में मुख्य आरोपी शाहनवाज उर्फ बद्दो के मोबाइल फोन से भी कई सबूत सामने आए हैं। इस मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी शाहनवाज बद्दो धर्मांतरण का शिकार हुए बच्चों को फ्लाइट से दुबई ले जाने की तैयारी कर रहा था। पुलिस को ग्रुप चैट से यह जानकारी मिली है। ग्रुप चैट में उसने कहा था कि बच्चों को वह फ्री में हवाई जहाज से दुबई ले जाएगा। बद्दो की खतरनाक साजिश के खुलासे के बाद पुलिस भी सतर्क हो गई है। बद्दो के विदेश भागने की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया है।

**मुख्य सरगना चढ़ा मुंब्रा पुलिस के हथे**

ऑनलाइन गेम के जरिए धर्म परिवर्तन कराने के मामले में फरार चल रहे मुंब्रा निवासी मुख्य सरगना आखिरकार मुंब्रा पुलिस के हथे चढ़ गया है। पुलिस को चकमा देकर अलीबाग के एक लॉज में छिपे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर स्थानीय कोर्ट में पेश कर गाजियाबाद पुलिस के हवाले कर दिया। इसके गिरफ़्तारी से मुंब्रा समेत देश के विभिन्न हिस्सों में गेमिंग ऐप के जरिए बच्चों का ब्रेनवॉश करने वाले और फिर उनका धर्मांतरण कराने के मामले में कई खुलासा हो सकते हैं।

# मुंबई की अदालत ने बेस्ट बेकरी कांड के दो आरोपियों को बरी किया



**मुंबई :** मुंबई की एक सत्र अदालत ने वर्ष 2002 के गुजरात दंगे के दौरान हुए बेस्ट बेकरी कांड के दो आरोपियों को मंगलवार को बरी कर दिया। बेस्ट बेकरी में भीड़ के हमले में 14 लोग मारे गए थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने हर्षद सोलंकी और मफत गोहिल को सभी आरोपों से बरी कर दिया। बेस्ट बेकरी मामले में पहले चरण की सुनवाई के दौरान चश्मदीद गवाहों ने कुछ आरोपियों द्वारा निभायी गयी भूमिका की गवाही थी। उसी के आधार पर उन्हें दोषी करार दिया गया था। अदालत ने कहा कि इस मामले में इन दो आरोपियों के खिलाफ ऐसी कोई स्पष्ट गवाही नहीं सामने आयी।

गोधरा ट्रेन अग्नि कांड के दो दिन बाद एक मार्च 2002 को भीड़ ने वडोदरा में बेस्ट बेकरी पर हमला किया था और उसे आग के हवाले क दिया था जिसमें 14लोगों की मौत हो गई थी। भीड़ ने वहां शरण लिये मुसलमानों को निशाना बनाया था जिनमें बेकरी के मालिक शेख परिवार भी शामिल था। वडोदरा की एक अदालत में 2003 में मामले में सुनवाई के बाद सभी 21 लोगों को बरी कर दिया गया था। बाद में गुजरात उच्च न्यायालय ने भी इनके बरी होने की पुष्टि की थी। पीड़ितों में से एक जाहिरा बीबी शेख ने एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के साथ फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष2004 में मामले की दोबारा पुलिस से दोबारा जांच और गुजरात के बजाय महाराष्ट्र की अदालत में नए सिरे से सुनवाई का आदेश दिया था। मुंबई की सत्र अदालत ने फरवरी 2006 में 17 लोगों में से नौ को दोषी करार दिया था। बंबई उच्च न्यायालय ने 2012 में उन दोषियों में से पांच को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था लेकिन चार अन्य की दोषसिद्धि को बरकरार रखा था। निचली अदालत ने इन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सोलंकी और गोहिल को बेस्ट बेकरी मामले में फरार दशार्या गया था क्योंकि वे अजमेर विस्फोट मामले में सुनवाई का सामना कर रहे थे। विस्फोट मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद इन दोनों को 2017 में मुंबई की अदालत में पेश किया गया। दो अन्य आरोपियों की पुनर्सुनवाई के दौरान मौत हो गयी।

सोलंकी और गोहिल के वकील प्रकाश सालसिंकर ने कहा कि उनके मुवक्किलों के बरी होने की उम्मीद थी क्योंकि इन दोनों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं था। उन्होंने कहा कि दोनो यहां आर्थर रोड जेल में है और उम्मीद है कि औपचारिकताएं पूरी होने पर एक -दो दिनों में वे जेल से बाहर आ जायेंगे। बेस्ट बेकरी नरसंहार गुजरात में 27 फरवरी, 2002 में गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बे में भीड़ द्वारा आग लगा दिये जाने के फैली सांप्रदायिक हिंसा का हिस्सा था। ट्रेन में आग लगाने की घटना में 56 लोगों की जान चली गयी थी।

## चक्रवात प्रभावित राज्यों को अलट...

# बिपरजॉय 15 जून को सौराष्ट्र और कच्छ से टकराएगा

**मुंबई :** बिपरजॉय चक्रवात के चलते समंदर में शोर बढ़ गया है। ऐसे में मुंबई, महाराष्ट्र और गुजरात समेत चक्रवात प्रभावित राज्यों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। चक्रवात बिपरजॉय १५ जून को सौराष्ट्र और कच्छ से टकराएगा। मौसम विभाग ने सावधान करते हुए कहा है कि गुजरात के साथ ही यह मुंबई का मौसम भी बिगाड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए मुंबई मनपा ने पहले से ही चक्रवात का सामना करने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं गुजरात में सबसे ज्यादा असर होने की आशंका को देखते हुए एहतियातन एनडीआरएफ की २१ और एसडीआरएफ की १३ टीमें तैनात की गई हैं। साथ ही हजारों लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया



जा चुका है। चक्रवात बिपरजॉय के कारण गुजरात, मुंबई और केरल के पास समुद्र क्षेत्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। समंदर में उठा चक्रवात बिपरजॉय जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, इसकी परिधि में आनेवाले क्षेत्रों में हवाओं के साथ भारी बारिश शुरू हो रही है।

इस समय अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में तूफान तेज हो गए हैं, जिससे हजारों लोगों के प्रभावित होने की संभावना है। गुजरात के तटीय इलाकों को खाली कराया जा रहा है। कच्छ के तटीय इलाकों में धारा-१४४ लागू की गई है और निचले इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। साथ ही यहां शेल्टर होम बनाए जा रहे हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोशल मीडिया पर कहा कि बहुत प्रचंड चक्रवाती तूफान बिपरजॉय सोमवार को आधी रात में पूर्वोत्तर और आस-पास के पूर्वी मध्य अरब सागर में पोरबंदर से लगभग २९० किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम और जखाऊ बंदरगाह से ३६० किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में केंद्रित था। १५ जून की शाम तक प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में यह जखाऊ बंदरगाह के पास सौराष्ट्र और कच्छ से होकर गुजरेगा।

# राजस्व विभाग के साठ से अधिक अधिकारियों का ट्रांसफर

**मुंबई :** राजस्व विभाग में सह सचिव पद पर पिछले आठ साल से एक अधिकारी जमा बैठा है। विभागीय जांच से लेकर क्लीन चिट देने और पदोन्नति देने तक का काम एक ही अधिकारी के पास है। सभी अधिकारियों का तीन साल में ट्रांसफर होता है, परंतु 'राजस्व




बढ़ाने के इस सह सचिव को हर वर्ष मुद्दत बढ़ाकर दिए जाने की चर्चा मंत्रालय में जोरों से शुरू है। राजस्व विभाग में डिप्टी कलेक्टर, एडिशनल कलेक्टर, तहसीलदार जैसे मलाईदार पदों के तबादलों में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार होने की शिकायत है। स्वाभिमानी संगठन के अध्यक्ष राजू शेट्टी ने पिछले दिनों ट्रांसफर का रेट कार्ड जारी कर पांच लाख से २५ करोड़ रुपए में ट्रांसफर होने की बात कही थी।

# बाप रे 19 मीटर ऊंचा एस्केलेटर !

# सीधे एयरपोर्ट पहुंचा देगी मुंबई मेट्रो की यह सीढ़ी

## इससे मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट पहुंचना होगा आसान...

**मुंबई:** मेट्रो से सफर करने वाले हवाई यात्रियों को आसानी से एयरपोर्ट पहुंचाने की व्यवस्था कर मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। हवाई यात्रियों को एयरपोर्ट परिसर तक पहुंचाने के लिए एमएमआरसी ने टी-2 (सीएसएमआईए) मेट्रो स्टेशन पर देश का सबसे ऊंचा एस्केलेटर लगाने का निर्णय लिया है। यह एस्केलेटर करीब छह मंजिला इमारत के इतना ऊंचा होगा। टी-2 सेशन का एस्केलेटर करीब 19.15 मीटर का होगा। मेट्रो को एयरपोर्ट से जोड़ने वाले इस स्टेशन पर 19.15 मीटर के कुल 8 एस्केलेटर लगाए जाएंगे। एमएमआरसी प्रवक्ता के अनुसार, मौजूदा समय में दिल्ली मेट्रो के एक स्टेशन पर सबसे ऊंचा एस्केलेटर करीब 15 मीटर है, लेकिन मेट्रो-3 के टी-2 स्टेशन पर 19.15 मीटर ऊंचे एस्केलेटर लगने के बाद सबसे ऊंचे यात्री एस्केलेटर का कीर्तिमान एमएमआरसी के नाम दर्ज हो जाएगा।

8 एस्केलेटर में से 4 एस्केलेटर लगाने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। 19.15 मीटर ऊंचे एस्केलेटर को स्टेशन परिसर में स्थापित करने के लिए 250 टन की क्षमता वाली क्रेन का इस्तेमाल हो रहा है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किमी लंबा भूमिगत मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है। मेट्रो का यह मार्ग जमीन की सतह से करीब 15 से 20 मीटर



तैयार हो रहा है। एस्केलेटर की मदद से हवाई यात्री चंद मिनट में जमीन के भीतर से एयरपोर्ट परिसर के करीब तक पहुंच सकेंगे। मुंबई एयरपोर्ट देश का दूसरा सबसे व्यस्तम एयरपोर्ट है, यहां से रोजाना 950 से अधिक विमानों का संचालन होता है। हवाई यात्रियों के साथ ही एयरपोर्ट पर अपने परिजनों को छोड़ने के लिए भी सैकड़ों लोग एयरपोर्ट पहुंचते हैं।

**20 से 25 मिनट में पहुंच सकेंगे एयरपोर्ट**

मेट्रो-3 कॉरिडोर के बन जाने से दक्षिण मुंबई से हवाई यात्री 20 से 25 मिनट में एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे। जबकि मौजूदा समय में दक्षिण मुंबई से एयरपोर्ट पहुंचने में करीब एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुंबई एयरपोर्ट और नवी मुंबई एयरपोर्ट को भी मेट्रो के माध्यम से कनेक्ट किया जाएगा। दोनों एयरपोर्ट को कनेक्ट करने के लिए करीब 35 किमी लंबा मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मानखुर्द तक मेट्रो के निर्माण का जिम्मा एमएमआरडीए के पास होगा। करीब 11 किमी के मेट्रो मार्ग के निर्माण का जिम्मा सिडको के पास होगा। मेट्रो के इस मार्ग के बन जाने के बाद मुंबई एयरपोर्ट से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक केवल 30 से 40 मिनट में पहुंचना संभव होगा, जबकि मौजूदा समय में मुंबई से नवी मुंबई में बन रहे एयरपोर्ट पर सड़क से पहुंचने में करीब दो से ढाई घंटे का समय लगता है।

**प्रॉजेक्ट का हाल**

मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण कार्य 82 फीसदी तक पूरा हो चुका है। सरकर ने मेट्रो सेवा की शुरूआत दो फेज में करने का फैसला लिया है। इसके तहत दिसंबर 2023 में आरे से बीकेसी और बीकेसी से कफ परेड तक जून 2024 से सेवा शुरू करने की योजना है। वहीं मुंबई एयरपोर्ट और नवी मुंबई एयरपोर्ट के बीच बनने वाले मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण कार्य की शुरूआत अब तक नहीं हुई है।

# डबल इंजन की सरकार में खटपट का खुलासा...

## शिवसेना के विज्ञापन से सामने आई रिश्तों में खटास


### शिवसेना का दावा, शिंदे हैं फडणवीस से ज्यादा लोकप्रिय



**मुंबई:** शिवसेना (शिंदे) की तरफ से मंगलवार को मुंबई के अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन छपवाकर यह दावा किया गया है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, बीजेपी नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से ज्यादा लोकप्रिय हैं। एक सर्वे का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि महाराष्ट्र के 26.1 प्रतिशत लोग एकनाथ शिंदे को और सिर्फ 23.2 प्रतिशत लोग देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री के पद पर देखना चाहते हैं। विज्ञापन में यह दावा भी किया गया है कि महाराष्ट्र की 30.2 प्रतिशत जनता बीजेपी को और 16.2 प्रतिशत लोग शिवसेना (शिंदे) को फिर से महाराष्ट्र की सरकार में देखना चाहते हैं। इतना ही नहीं, इस विज्ञापन में बीजेपी के चर्चित पुराने नारे 'दिल्ली में नरेंद्र, महाराष्ट्र में देवेंद्र' को बदलकर मोदी और शिंदे के बड़े-बड़े फोटो के साथ 'राष्ट्र में मोदी, महाराष्ट्र में शिंदे' का नया नारा दिया गया है और फडणवीस को दरकिनार करने की कोशिश की गई है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के इस विज्ञापन को राज्य की राजनीति में कुछ नया घटित होने का संकेत समझा रहा है।

हैरानी की बात तो यह है कि फडणवीस के कद को कम करने वाले इस विज्ञापन के बाद भी न तो खुद देवेंद्र फडणवीस ने और न ही बीजेपी की तरफ से किसी ने इस पर कोई कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंगलवार को जब फडणवीस से इस पर मीडिया ने प्रतिक्रिया चाही, तो वह बिना कुछ बोले बस हंसकर और हाथ जोड़ कर सवाल का जवाब दिए बिना निकल गए। इस विज्ञापन के छपने के बाद एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक के लिए स'ह्यद्रि गेस्ट हाउस में साथ थे। बाद में उन्होंने शिंदे गुट के मंत्रियों के साथ बंद कमरे में एक बैठक भी की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री दोनों को एक साथ कोल्हापुर में आयोजित 'सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के लिए सरकारी विमान से कोल्हापुर के लिए रवाना होना था। लेकिन फडणवीस ने शिंदे के साथ कोल्हापुर जाने का दौरा अचानक रद्द कर दिया।


# लाइफगार्ड पर 5 किमी तक की जिम्मेदारी



**मुंबई:** महानगर मुंबई के सबसे चर्चित जुहू चौपाटी के पास सोमवार को समुद्र में डूबने से चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना ने समुद्र तट पर जाने वाले सैलानियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है। मुंबई तटों पर जाने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए मनपा ने लाइफगार्ड नियुक्त किया है लेकिन लाइफगार्ड की कमी के चलते उन पर भी काफी दबाव होता है। जानकारों की मानें तो यहां एक लाइफगार्ड के जिम्मे लगभग ५ किमी समुद्री तट पर सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है। वास्तव में आवश्यकता के अनुसार यहां लाइफगार्ड नहीं तैनात हैं। मुंबई की चौपाटियां लाइफगार्ड की कमी से जूझ रही हैं। ऐसे में मुंबईकरों एवं पर्यटकों के लिए यह चेतावनी भी है कि वे समुद्र किनारे पानी मे न जाएं तो बेहतर है।

मनपा फायर ब्रिगेड अधिकारीयों के अनुसार, मुंबई के तटीय क्षेत्रों में चौपाटियों पर कुल ९४ लाइफगार्ड नियुक्त किए गए हैं। इसमें से २० प्रतिशत से अधिक किसी न किसी कारण छुट्टी पर रहते हैं, जबकि बाकी के लाइफगार्ड तीन शिफ्ट में काम करते हैं। ऐसे में एक शिफ्ट में लगभग २५ से ३० ही लाइफगार्ड ऑन ड्यूटी रहते हैं। कुल ९४ लाइफगार्ड में से ४५ को विशेष तौर पर प्रशिक्षण भी दिया गया है कि वे आपदा के समय किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकें। खास कर रेड अलर्ट और छुट्टी के दिनों में इन्हे तैनात रहने का सख्त निर्देश हैं। बता दें कि मुंबई के आस-पास कुल १७० किलोमीटर का समुद्री किनारा है, इनमें गिरगांव, दादर, जुहू, अक्सा, वसोर्वा और गोराई प्रमुख चौपाटियां हैं। इनमें से सिर्फ प्रमुख बीचों को छोड़ दें तो बाकी ठिकानों पर लाइफ गार्ड की पहुंच नहीं है। सांताक्रुज कोलीवाड़ा, खारडांडा, वर्ली कोलीवाड़ा, माहिम बीच, बांद्रा के पास भी लाइफगार्ड की संख्या न के बराबर है। ऐसे में यहां लोगों को बचाना मुश्किल होता है। हालांकि, कंपनी की ओर से बड़ी संख्या में लोगों को बचाने का दावा किया गया है।

# नालियों की सफाई का 95 प्रतिशत काम पूरा हुआ



**वसई :** सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वसई विरार शहर महानगरपालिका के माध्यम से शहर में कच्चे और पक्की नालियों की सफाई का ९५ प्रतिशत काम मानसून से पहले पूरा कर लिया गया है। विविसीएमसी ने अपील कि है कि, यदि शहर में आपके संज्ञान में आए नालों या सीवरों की सफाई नहीं हुई है या नालों और सीवरों की सफाई के बावजूद उनमें पानी भरा हुआ है,तो भी जियो टैगिंग के साथ नालों और सीवरों की जानकारी या फोटो सहित जानकारी उक्त स्थान की सूचना नीचे दिये गये मोबाईल नम्बर पर वाट्सएप के माध्यम से दें ताकि उक्त स्थान की नालियों व सीवरों की तत्काल सफाई की जा सके। इस नम्बर पर सहायक आयुक्त / ९८२३४३३३८१ और वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक ८८८८८६४३१३ संपर्क कर व उन्हें सूचित करें।





## ठाणे में इंस्टाग्राम रील बनाने के चक्कर में 18 वर्षीय लड़के की मौत



**ठाणे :** ठाणे जिले के डोंबिवली में इंस्टाग्राम रील बनाने के दौरान एक 18 वर्षीय लड़का हादसे का शिकार हो गया। शहर के ठाकुर्ली स्थित पंप हाउस के गहरे कुएं में गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के साथ मौजूद उसके दोस्तों ने विष्णुनगर पुलिस को दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक युवक का नाम बिलाल सोहिल शेख (उम्र 18) है। मुंब्रा निवासी बिलाल अपने दो दोस्तों के साथ रील बनाने के लिए शनिवार की शाम ठाकुर्ली स्थित पंप हाउस गया था। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर गया। बिलाल के कुएं में गिरने के बाद उसके साथ मौजूद उसके दो दोस्त नजदीकी रेलवे पुलिस के पास गए। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने इसकी सूचना विष्णुनगर पुलिस को दी और डोंबिवली फायर ब्रिगेड की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। 32 घंटे बाद कुएं में गिरे युवक का शव बरामद कर लिया गया।

# पति के अफेयर का था शक, बाबा ने पत्नी से कहा- हवन कराओ,

## लकवे से मर जाएगी उसकी दोस्त, पर ऐसे पलट गया खेल



**मुंबइ :** एक समय था जब लोग कम पढ़े लिखे हुआ करते थे और अन्धविश्वास में आ जाते थे। पर आज के समय किसी का साधु-बाबाओं के जाल में फंसना समझ से परे हैं। महाराष्ट्र से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक औरत बाबा के जाल फंस गई। बाबा ने मदद के नाम पर उससे कई रुपये ऐंठे। महिला को लगा था कि बाबा जादू करके उसके पति की महिला मित्र को मार देगा। पुलिस ने शिकायत मिलने पर एक स्व-घोषित आस्था चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया है।

**पहले भी चार लाख गंवा चुकी है**

ओशिवारा के रहने वाले इब्राहिम अब्दुल गनी ने खेरवाड़ी पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि पत्नी नसरीन को शक था कि उसका उसकी महिला दोस्त के साथ संबंध हैं। इसे लेकर वह पहले भी बाबाओं के चक्कर में पड़ी थी। वह चार लाख से ज्यादा रुपये खर्च कर चुकी है। इस बार नसरीन विकास उनियाल के चक्कर में पड़ गई थी। उसे किसी ने सलाह दी थी कि अगर वह इस बाबा से मिलेगी तो उसकी समस्या दूर हो जाएगी। इसी को लेकर वह सोमवार दोपहर 25 हजार रुपये लेकर बाबा से मिलने जा रही थी।

**ऑटो ड्राइवर ने पति को दी थी जानकारी**

इस दौरान नसरीन ने एक ऑटो किया था। शिकायतकर्ता गनी ने कहा कि ऑटो ड्राइवर मुझे जानता था इसलिए उसने बाबा और नसरीन के बीच जो बातें हुईं उसे रिकॉर्ड करके भेज दिया। साथ ही जहां पत्नी को उतारा उस रेस्तरां का नाम बता दिया। इस पर वह तुरंत बांद्रा के एक रेस्तरां में पहुंच गया और बाबा से भिड़ गया। तब नसरीन ने सही बात बताई।

**1.5 लाख रुपये की मांग**

खेरवाड़ी पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी बाबा, गनी और उसकी पत्नी को लड़ाई के बाद थाने लाया गया था। तब महिला ने बताया कि आरोपी बाबा ने पति की महिला मित्र से छुटकारा पाने के लिए 1.5 लाख रुपये की मांग भी की थी। बाबा ने दावा किया था कि वह कुछ ऐसा 'हवन' करेगा जो 13 दिनों के भीतर दूसरी महिला को लकवा मार देगा और कुछ दिनों बाद उसकी मौत हो जाएगी। हवन के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए बाबा को रुपये देने थे। इसलिए उसने ऑटो किया था।

# मुंबई के युवक का न्यूड वीडियो बना ठगे 18 लाख:

## मुंबई की सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने दी दबिश, दो गिरफ्तार



**ठाणे :** प्रदेश के भरतपुर से ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। यहां बैठे ठग राजस्थान के बाहर अन्य शहर के लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। हाल ही में इन ठगों ने मुंबई के एक व्यक्ति का न्यूड वीडियो बना 18 लाख रुपए हड़प लिए। मामला सामने आने के बाद मुंबई सायबर क्राइम ब्रांच की टीम भरतपुर पहुंची और दबिश देकर दो ठगों को गिरफ्तार किया। मामला बुधवार देर रात गोपालगढ़ थाना का है। घटना 22 सितंबर की है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति को ब्लैकमेल किया जा रहा था वह मुंबई के बांद्रा थाना इलाके में रहने वाला है। बांद्रा थाना इलाके में रहने वाले नेल्सन डी मेलो की ओर से मामला दर्ज करवाया गया था।

रिपोर्ट में बताया कि 22 सितंबर की रात पूजा शर्मा नाम की महिला का फोन आया। उसने पहले दोस्ती का झांसा दिया और इसके बाद अश्लील वीडियो बना लिया। इसके कुछ देर बाद सोशल साइट पर ये वीडियो डालने की धमकी देने लगे और रुपए की डिमांड की। इसी दौरान एक कॉल और आया और उसने अपने आप को दिल्ली सायबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी विक्रम राठौड़ बता कर डराया और खाते में 18 लाख 50 हजार रुपए डलवा दिए। इधर, मामला दर्ज होने के बाद मुंबई की सायबर क्राइम ब्रांच ने नंबर से लोकेशन ट्रेस की जो भरतपुर के गोपालगढ़ थाना इलाके के पीपलखेड़ा की निकली। इस पर बांद्रा पुलिस ने भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा से कॉन्टैक्ट किया और मंगलवार रात को टीम भरतपुर पहुंची। यहां अरढ हिम्मत सिंह और गोपालगढ़ थाना अधिकारी रामनरेश मीणा के निर्देश पर अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर दो ठगों को गिरफ्तार किया है।

# जानें किस दो दिन नहीं होगी ठाणे के इन इलाकों में वाटर सप्लाई...



**ठाणे :** महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल द्वारा ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र के मुंब्रा, दिवा, कलवा, माजिवडा-मानपाड़ा और वागले के कुछ भागों में प्रभाग समिति में जलापूर्ति की जाती है। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल की बारवी डैम की वर्तमान पानी भंडारण को देखते हुए सिंचाई विभाग ने नियोजन किया है, जिसके तहत ठाणे के कुछ भागों में गुरुवार 15 जून से रात 12 बजे शुक्रवार 16 जून को रात 12 बजे तक 24 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद रहेगी।

इस शट डाउन के दौरान ठाणे महानगरपालिका के अंतर्गत दिवा, मुंब्रा प्रभाग क्रमांक 26 और 31 के भागों को छोड़कर और कलवा प्रभाग समिति के सभी भागों और वागले प्रभाग समिति के तहत रुपादेवी पाडा, किसननगर नंबर-2, नेहरु नगर सहित मानपाडा प्रभाग समिति अंतर्गत कोलशेत के निचले गांवों में पानी आपूर्ति 24 घंटे के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

**ठाणे महानगरपालिका ने की लोगों से ये अपील**

पानी आपूर्ति शुरू होने के बाद आगे एक से 2 दिनों तक कम दबाव में जलापूर्ति की जाएगी। नागरिकों इस विषय पर ध्यान दें। ठाणे महानगरपालिका द्वारा इस पानी कटौती के दौरान पानी बचत कर संभाल कर खर्च करें। इसके साथ ही ठाणे महानगरपालिका ने नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है।

# ठाणे में महिला की बर्बरता से हत्या!

## पुलिस ने किए 20 से अधिक लोगों के बयान दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के एक फ्लैट में महिला के शव के टुकड़े मिलने की घटना के मामले मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस ने 20 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं। महिला के शव के कुछ टुकड़ों को कथित तौर पर प्रेशर कुकर में उबाला गया था। गौरतलब है कि महिला सरस्वती वैद्य और मनोज साने (56) 'लिव-इन में रहते थे। साने को कथित तौर पर सरस्वती की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े कर उसे ठिकाने लगाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। घटना ठाणे जिले के मीरा रोड की है, जहां ये लोग एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर किराए के फ्लैट में रहते थे। साने को एक अदालत ने 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन-एक) के जयंत बजबाले ने बताया, ''मामले में सबूत एकत्रित किए जा रहे हैं। अभी तक 20 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। मिलान के लिए सरस्वती और उसके करीबियों के डीएनए नमूने लिए गए हैं।' अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने सोमवार को सरस्वती की बहनों को उसके अवशेष सौंप दिए, ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके। आरोपी और महिला के बीच हुई बातचीत (चैट व कॉल) के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि साने पर सरस्वती को कीटनाशक देकर मारने का संदेह है। उसने कथित तौर पर बोरीवली के पश्चिमी उपनगर की एक दुकान से कीटनाशक खरीदा था। संदेह है कि हत्या चार जून को की गई। हालांकि, इसका खुलासा सात जून को हुआ, जब मीरा रोड (पूर्व) स्थित आकाशदीप बिल्डिंग में रहने वाले लोगों ने सरस्वती के फ्लैट से दुर्गंध आने की शिकायत की और उसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस फ्लैट का दरवाजा तोड़ उसमें दाखिल हुई।

राशन की एक दुकान पर काम करने वाले साने ने दावा किया कि सरस्वती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी और उसने उसके शव के टुकड़े करके उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की। आरोपी ने पुलिस से कथित तौर पर कहा कि वह एचआईवी से संक्रमित है और उसके सरस्वती के साथ कोई शारीरिक संबंध नहीं थे। उसने यह भी दावा किया है कि सरस्वती उसकी पत्नी थी और दोनों 'लिव-इन में नहीं रह रहे थे।

## 400 लोगों का धर्मांतरण कराने वाला मोहसिन महाराष्ट्र से गिरफ्तार, कई बड़े राज होंगे पदार्फाश



**मुंबई:** उसके टारगेट में थे वे हिंदू जो आसानी से बहलाए जा सकते थे और मुसलमान बनाए जा सकते थे. जो चंगुल में नहीं फंसते थे, उनपर दबाव डालकर मुसलमान बनाने की मुहिम चलाने वाले का खेल खत्म हो गया है. 400 हिंदुओं को मुसलमान बनाने वाला मोहसिन महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है. मुंबई से सटे वसई इलाके में धर्मांतरण करवाने वाले आरोपी को मुंबई से सटे ठाणे की वसई पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी मोहसिन को मुंबई के मुंब्रा से गिरफ्तार किया गया है.

मुंब्रा में रहने वाला मोहसिन ने राजेश जानी का धर्म बदलकर उससे इस्लाम कबूल करवाया था. राजेश जानी के मुसलमान बन जाने के बाद मोहसिन उसके बेटे और बेटी को भी फोन कर दबाव डाल रहा था कि वे भी इस्लाम कबूल कर ले.




# चक्रवात बिपारजॉय: 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, 20 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया

गंभीर चक्रवाती तूफान बिपारजॉय' के गुजरात में 15 जून को पहुंचने की आशंका के बीच राज्य में एक विस्तृत निकासी योजना बनाई गई है और प्रशासन ने 20,000 को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। वहीं चक्रवर्ती तूफान से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की 17 और एसडीआरएफ की 12 टीमें तैनात की गईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने कहा कि चक्रवात के दौरान गुजरात में 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अंदेशा है। सेना, नौसेना और भारतीय तट रक्षक को द्वारका के पास तट से दूर तेल खनन जहाज 'की सिंगापुर' से 50 कर्मियों को निकालने के लिए तटरक्षक बल (आईसीजी) के साथ तैयार अवस्था में रखा गया है।



आईएमडी ने कहा कि बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान बिपारजॉय के गुरुवार को गुजरात के कच्छ जिले में जखाऊ पत्तन के पास तट पर पहुंचने का अनुमान है। अधिकारियों ने बताया कि कच्छ, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका, जामनगर, जूनागढ़ और मोरबी के तटीय जिलों में समुद्र तट के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही मछुआरों को मछली पकड़ने के लिए समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है और बंदरगाहों पर चेतावनी के संकेत लगा दिए गए हैं। आईएमडी अहमदाबाद केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, ह्यह्यचक्रवात के जखाऊ बंदरगाह के पास टकराने का अनुमान है। यह 15 जून को दोपहर के आसपास गुजरात के तट पर पहुंचेगा।

इससे पहले 135-145 किमी प्रति घंटा से लेकर 150 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और बहुत भारी बारिश होगी।" उन्होंने कहा कि सौराष्ट्र-कच्छ सहित अन्य क्षेत्रों में 15-16 जून को भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है और मछुआरों को 16 जून तक समुद्र में नहीं जाने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि कच्छ जिले के तटीय इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गई है और सभी स्कूल एवं कॉलेज 15 जून तक बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवात के 14 जून की सुबह तक लगभग उत्तर की ओर बढ़ने का अनुमान है। केंद्र ने राज्य सरकार को कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी सहित सौराष्ट्र और कच्छ के तटीय क्षेत्रों से लोगों को निकालने का निर्देश दिया है। आईएमडी ने 15 जून को कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई है।

# बिहार में नीतीश कुमार को झटका, जीतन राम मांझी के मंत्री बेटे ने दिया इस्तीफा



पटना। एक तरफ केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने के लिए 23 जून को अहम बैठक होनी है वहीं बैठक से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तगड़ा झटका लग गया है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे और हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा के इकलौते मंत्री संतोष मांझी ने इस्तीफा दे दिया है।

संतोष सुमन ने कहा, कोई नाराजगी नहीं हुई है। जदयू चाहती थी कि हम अपनी पार्टी को उनके साथ मर्ज कर दें, लेकिन हमें वो मंजूर नहीं था, हम अकेले संघर्ष करेंगे, हमें जदयू में विलय नहीं करना है। नीतीश कुमार लगातार हमसे विलय करने के लिए कह रहे थे, लेकिन हमने इनकार कर दिया। इस्तीफे से पहले अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री की वित्त मंत्री से लंबी बातचीत हुई। संतोष सुमन उर्फ संतोष मांझी का इस्तीफा स्वीकार हुआ है या नहीं, इस बारे में मुख्यमंत्री की ओर से अभी कोई बयान या जानकारी नहीं आई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जीतन राम मांझी और उनके बेटे एनडीए में शामिल हो सकते हैं।

# 1 करोड़ 34 लाख की धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज




1रायपुर, 13 जून। दो अलग अलग मामलों में जेवरात के एवज में 1.34 करोड़ की धोखाधड़ी हो गई। एक मामले में तो शातिर सोने के नकली दाने थमा गए। जौहरी बाजार करोलबाग दिल्ली के सराफा कारोबारी प्रदीप राय और रायपुर के संतोष सोनी के बीच लंबे कारोबारी संबंध रहे हैं। बीते वर्ष 10 अप्रैल से अब तक संतोष ने प्रदीप से करीब 1.30 करोड़ के जेवरात दिल्ली से खरीद लाए।

लेकिन अब तक उसका भुगतान नहीं किया। प्रदीप ने दिल्ली से आकर सोमवार रात कोतवाली में संतोष के खिलाफ धारा 406,420 की रिपोर्ट दर्ज कराई। एक अन्य मामले में दो अग्यात व्यक्तियों ने किरना तिल्दा निवासी होमेश सोनी को सोने के नकली दाने देकर 4.18 लाख रूपए वसूल थे। यह ठगी शनिवार की शाम तिल्दा रेलवे स्टेशन के पास नीलकमल होटल में हुई। तिल्दा पुलिस ने धारा420,34 का मामला दर्ज किया है।

# दिल्ली पुलिस ने धर्मांतरण रैकेट का पदार्फाश किया

## इस्लाम कबूल करने पर मिलेगी सरकारी नौकरी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी के तुर्कम गेट इलाके में स्थित एक आश्रय गृह के भीतर चल रहे एक बड़े धर्मांतरण रैकेट का पदार्फाश किया है। आश्रय गृह के केयरटेकर संदीप सागर द्वारा दायर शिकायत के बाद मुख्य आरोपी मोहम्मद कलीम बी.टेक स्नातक है, जिसे 9 जून को गिरफ्तार किया गया था। सागर ने आरोप लगाया कि कलीम उस पर इस्लाम कबूल करने का दबाव बना रहा था, सरकारी नौकरी और वित्तीय प्रोत्साहन जैसे प्रलोभन दे रहा था। जांच ने एक नया मोड़ ले लिया है क्योंकि पुलिस दल अब कलीम के फोन रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं, यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उसे कोई बाहरी निर्देश मिला था।

### फिलहाल जांच चल रही है



मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, 'फिलहाल जांच चल रही है और हम फिलहाल किसी भी संगठन के साथ उसके जुड़ाव की पुष्टि नहीं कर सकते। सूत्र ने कहा, "इसका तरीका गाजियाबाद धर्मांतरण रैकेट जैसा ही है, जहां पीड़ितों को यूट्यूब वीडियो दिखाए गए और कोई भी काम शुरू करने से पहले धार्मिक छंद पढ़ने को कहा गया।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, यह बात सामने आई है कि कई आतंकवादी संगठन पिछले कुछ वर्षों में युवाओं को स्लीपर सेल के रूप में नियुक्त कर उन्हें कट्टर बनाने में लगे हैं। एक पूर्व पुलिस अधिकारी ने कहा, "इन स्लीपर सेल में हैंडलर होते हैं, जो आवश्यक होने पर उन्हें सक्रिय करते हैं।

यह प्रशंसनीय है कि कई असफल अभियानों के बाद, इन आतंकवादी संगठनों ने देश के भीतर लोगों को कट्टरपंथी बनाने और परिवर्तित करने के लिए एक नया तरीका अपनाया हो सकता है।" गुमनामी और मामले को संवेदनशील करार दिया। उन्होंने कहा, "गाजियाबाद धर्मांतरण रैकेट और कलीम की गिरफ्तारी के बाद, ऐसा लगता है कि उनके पीछे कोई है, जो सीमा पार या कहीं और से काम कर रहा है।" इससे पहले पुलिस उपायुक्त (मध्य) संजय कुमार सेन ने कहा था कि कलीम के फोन से संदिग्ध सामान बरामद किया गया है।

### दो युवकों को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर किया था

सेन ने कहा, "हमें तीन अलग-अलग लोगों से उसके खिलाफ तीन शिकायतें मिलीं। आरोपी बीटेक स्नातक है। हमने प्राथमिकी दर्ज की है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले हम मामले की आगे जांच करना चाहेंगे।" प्राथमिकी के अनुसार, कलीम ने दो हिंदू युवकों, सुजीत कुमार और विक्की शर्मा को भी इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर किया था। कलीम ने उन्हें बताया कि हिंदू धर्म में खामियां हैं और उन्हें अपने जाल में फंसाने के लिए काफी प्रयास किए। सागर ने यह भी आरोप लगाया है कि हाल ही में कलीम संजीद कुमार नाम के एक हिंदू युवक को इस्लाम में परिवर्तित करने में सफल रहा।

संजीत अब अब्बास के नाम से रह रहा है। जांचकताओं को कथित तौर पर कलीम के फोन में विवादास्पद उपदेशक जाकिर नाइक के वीडियो मिले हैं। कलीम, जो पहले एक मानव संसाधन प्रबंधक के रूप में काम कर चुके थे, ने कल्याणकारी कार्यक्रमों के नाम पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाए थे जिसमें वीडियो और रूपांतरण सामग्री नियमित रूप से पोस्ट की जाती थी।

सूत्रों ने कहा, "समूहों में से एक स्पष्ट रूप से नशामुक्ति के बारे में था। लेकिन नशामुक्ति से संबंधित कुछ भी नहीं था, लेकिन केवल धर्मांतरण से संबंधित सामग्री थी।"

# छत्तीसगढ़ में भीषण सड़क हादसा, 4 नाबालिगों की मौत

### हाईवा ने पहले बाइक सवारों को मारी टक्कर फिर रिल्स बना रहे युवकों को कुचला, 4 की मौत

कोरबा। अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम चैतमा के पास हुए जबरदस्त सड़क हादसे में चार नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। सड़क निर्माण के काम में लगी दिलीप बिल्डकॉन नामक कंपनी की तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने पहले बाइक सवार दो नाबालिगों को ठोकर मारी फिर सड़क किनारे रील्स बना रहे दो नाबालिग लड़कों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने मौके पर चक्काजाम कर दिया। कंपनी की तरफ से तत्काल आकस्मिक सहायता राशि दी गई जिसके बाद लोगों का प्रदर्शन समाप्त हुआ।

कोरबा जिले में सड़क हादसों के दौरान लोगों के काल कल्वित होने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही। एक बार फिर से पाली थानांतर्गत बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम चैतमा के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार नाबालिगों की मौत हो गई। हादसा बीती रात को हुआ। बताया जा रहा है, कि सड़क निर्माण के काम में लगी दिलीप बिल्डकॉन नामक कंपनी की तेज रफ्तार हाईवा ने पहले तो बाइक सवार दो नाबालिगों को ठोकर मारी फिर सड़क किनारे मोबाईल से रील्स बना रहे दो नाबालिग लड़कों को कुचल दिया जिससे



चारों की मौके पर ही मौत हो गई। चारों मृतक ग्राम चैतमा के कुम्हार पारा के निवासी थे।

इस हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने चक्काजाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक ग्रामीण मौके पर जमे रहे जिससे मुख्य मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस और कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मृतकों के परिवार को आकस्मिक सहायता राशि प्रदान की तब जाकर लोग शांत हुए और चक्काजाम को समाप्त किया। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शवों को पीएम के लिए रवाना कर दिया गया है।

# तेलंगाना में हैवानियत की हदें पार : 19 वर्षीय लड़की की आंखों में घोंपा पेचकस, ब्लेड से काटा गला

**हैदराबाद**। तेलंगाना में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। विकाराबाद जिले में 19 साल की एक लड़की का बहुत ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। अज्ञात बदमाशों ने पहले तो लड़की की आंखों में पेचकस घुसा दिया और उसके बाद ब्लेड से गला काट दिया। इसके बाद शव को तालाब में फेंक कर फरार हो गए। पुलिस ने तालाब से लड़की का शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने लड़की के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, मामला तेलंगाना के विकाराबाद के कादलापुर गांव का है। जानकारी के मुताबिक, मृतका 10 जून की रात 11 बजे घर से निकली थी। बाद में स्थानीय लोगों ने तालाब में लड़की का खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को इसके बारे में जानकारी दी।



प्रारंभिक जांच में पुलिस के सामने आया कि महिला की आंखों पर गंभीर चोट के अलावा उसका गला कटा हुआ है और हाथ पर भी चोट के निशान हैं। जानकारी के मुताबिक, 19 साल की लड़की अस्पताल में काम करती थी और 10 जून यानी शनिवार की देर रात वो घर से बिना बताए निकली थी। जब उसके पिता ने लड़की को ढूंढना शुरू किया तो वो नहीं मिली। जिसके बाद स्थानीय लोगों को कादलापुर गांव के तालाब में लड़की का शव मिला और उन्होंने पुलिस को इसके बारे में सूचना दी।

स्थानीय लोगों से शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने फिलहाल हत्या के कारणों को लेकर कुछ नहीं कहा है। पुलिस मामले की जुट गई है।




फोर्ब्स की नवीनतम 'ग्लोबल 2000' सूची

# अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आठ पायदान चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई है

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की नवीनतम 'ग्लोबल 2000' सूची में अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आठ पायदान चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई है। इस सूची में किसी भी भारतीय कंपनी के मुकाबले यह सर्वोच्च स्थान है। फोर्ब्स ने 2023 के लिए दुनिया की शीर्ष 2,000 कंपनियों की सूची जारी करते हुए कहा कि इसे चार कारकों - बिक्री, लाभ, संपत्ति और बाजार मूल्यांकन के आधार पर तैयार किया गया है। अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन 2011 के बाद पहली बार इस सूची में शीर्ष पर है। बैंक की कुल संपत्ति 3700 अरब डॉलर है। वारेन



बफेट की बर्कशायर हैथवे, जो पिछले साल सूची में सबसे ऊपर थी, वह इस साल निवेश पोर्टफोलियो में नुकसान के कारण 338वें स्थान पर आ गई।

सऊदी तेल कंपनी अरामको दूसरे स्थान पर है, जिसके बाद तीन के तीन विशाल आकार के सरकारी बैंक हैं। प्रौद्योगिकी कंपनी अल्फाबेट और एप्पल 7वें और 10वें स्थान पर हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज को 109.43 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री और 8.3 अरब अमेरिकी डॉलर के लाभ के साथ 45वां स्थान मिला। समूह का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार तक फैला हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज सूची में जर्मनी के बीएमडब्ल्यू समूह, स्विट्जरलैंड के नेस्ले, चीन के अलीबाबा समूह, अमेरिकी प्रॉक्टर एंड गैंबल और जापान की सोनी से आगे है।

सूची में भारतीय स्टेट बैंक 77वें स्थान (2022 में 105वां स्थान), एचडीएफसी बैंक 128वें स्थान (2022 में 153वां स्थान) और क्ळक्ळकबैंक 163वें स्थान (2022 में 204वां स्थान) पर हैं। अन्य कंपनियों में डठक्ष्ळ 226वें, छक्ळ 363वें, ळउर 387वें, एक्सिस बैंक 423वें, एनटीपीसी 433वें, लार्सन एंड टुब्रो 449वें, भारती एयरटेल 478वें, कोटक महिंद्रा बैंक 502वें, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 540वें, इंफोसिस 554वें और बैंक ऑफ बड़ौदा 586वें स्थान पर हैं। सूची में कुल 55 भारतीय कंपनियां शामिल हैं। अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी के समूह की तीन कंपनियां अडाणी एंटरप्राइजेज (1062वां स्थान), अडाणी पावर (1488वां स्थान) और अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (1598वां स्थान) इस सूची में शामिल हैं।

## लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक के चलते विस्तारा की फ्लाइट ने नहीं भरी उड़ान




**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी विस्तारा के यात्रियों के लिए बड़ी खबर है। विस्तारा की फ्लाइट वङ18 रविवार को एयर ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण कैंसिल कर दी गई। विस्तारा ने एक बयान जारी कर बताया कि विस्तारा वङ18 की फ्लाइट की उड़ान को रद्द कर दिया गया है क्योंकि लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक ज्यादा था। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट प्राधिकरण द्वारा रात की उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया गया है।विस्तारा की ओर से कहा गया कि हम ग्राहकों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं और उनको जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एयरलाइन ने आगे कहा कि हम स्पेशल फ्लाइट का प्रबंध कर रहे हैं, जो 12 जून 2023 को लंदन शाम साढ़े चार बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। विस्तारा ने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी है।

## सरकार ने अगले साल मार्च तक गेहूं पर भंडारण सीमा लागू की, 15 साल में पहली बार उठाया ऐसा कदम

नई दिल्लीः सरकार ने 15 वर्ष में पहली बार गेहूं की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सोमवार को मार्च, 2024 तक तत्काल प्रभाव से गेहूं पर भंडारण सीमा (स्टॉक लिमिट) लागू कर दी। सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत पहले चरण में केंद्रीय पूल से थोक उपभोक्ताओं और व्यापारियों को 15 लाख टन गेहूं बेचने का भी फैसला किया है।

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, ह्यह्यपिछले महीने में गेहूं की कीमतों में तेजी आई है। मंडी स्तर पर कीमतों में करीब आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, थोक और खुदरा कीमतों में इतना इजाफा नहीं हुआ है, लेकिन सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लगा दी है..।'' यह ह्यस्टॉक लिमिट', व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी खुदरा श्रृंखला विक्रेताओं और प्रसंस्करणकताओं पर 31 मार्च, 2024 तक के लिए लगाई गई है।



गेहूं पर आयात शुल्क कम करने के बारे में सचिव ने कहा कि नीति में बदलाव की कोई योजना नहीं है क्योंकि देश में पर्याप्त आपूर्ति है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यदेश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार है। किसानों और व्यापारियों के पास स्टॉक है और कुछ असामाजिक तत्वों के पास भी स्टॉक हैं। हम आयात के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि देश में गेहूं की कोई कमी नहीं है।''

चोपड़ा ने कहा कि गेहूं के अलावा सरकार ने ओएमएसएस के तहत चावल को उतारने का फैसला किया है और इसकी मात्रा के बारे में बाद में अंतिम रूप से तय किया जाएगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि चीनी के और निर्यात की अनुमति देने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## सोना चला रिकॉर्ड हाई की तरफ, 15 महीने में 11 हजार रुपये हुआ महंगा,

**नई दिल्ली।** सोना चांदी खरीदना इस समय काफी महंगा पड़ने वाला है. ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले कुछ दिनों से सोने के भाव में लगातार उतार चढ़ाव जारी है. हाल ये है कि सोना और चांदी के भाव आसमान छूने लगे हैं. 10 ग्राम सोने के भाव में आप फ्रीज, कूलर, अउ तीनों खरीद सकते हैं. आज मंगवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भाव में तेजी देखने को मिली है.

आज अगस्त डिलीवरी वाले गोल्ड की कीमत आज 0.21 फीसदी की तेजी के साथ 59,765 रुपये प्रति 10 ग्राम के लेवल पर है. वहीं आज के कारोबार में जुलाई डिलीवरी वाली चांदी 0.59 फीसदी की जोरदार तेजी के साथ 73,405 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही हैं. पिछले साल जनवरी 2022 में सोने का भाव 48,605 रुपये प्रति 10 ग्राम के लेवल पर था. जो आज बढ़कर 59,765 रुपये प्रति 10 ग्राम के लेवल पर पहुंच चुका है. वहीं अगर चांदी की बात की जाए तो पिछले साल 64,041 रुपये प्रति किलो पर थी, जो आज 73,405 रुपये प्रति किलो पर है. आपको बता दें आप इन रेट्स को आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं. इसके लिए आपको सिर्फ इस नंबर 8955664433 पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा।

टाटा मोटर्स के निवेशकों के लिए खुशखबरी!

## डिविडेंड के लिए हुआ रिकॉर्ड डेट का ऐलान, हर शेयर पर मिलेगा लाभ




**नई दिल्ली.** टाटा मोटर्स अपने निवेशकों को हर ऑर्डिनरी शेयर के लिए 2 रुपये और हर ह्यअह्ण ऑर्डिनरी शेयर के लिए 2.10 रुपये के डिविडेंड की घोषणा की थी. कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यु 2 रुपये है. अब इसके लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा कर दी गई है. टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम लाभांश के लिए 29 जुलाई को रिकॉर्ड डेट के रूप में फिक्स किया है. सालाना आम सभा की बैठक में डिविडेंड पर मुहर लगने के बाद निवेशकों को लाभांश वितरित कर दिया जाएगा.

कंपनी ने बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि अगर एजीएम में इस अनुमति मिल जाती है तो 14 अगस्त 2023 तक डिविडेंड दे दिया जाएगा. टाटा मोटर्स के शेयरों ने सुबह अच्छी शुरूआत की थी लेकिन फिलहाल ये करीब 1 फीसदी लुढ़क ट्रेड कर रहे हैं. ब्रोकरेज फर्म शेयरखान ने इस शेयर में तेजी आने की उम्मीद जताई है. फर्म ने इसे 633 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है. दोपहर 1.45 पर यह शेयर 563 रुपये के करीब ट्रेड कर रहा है. शेयरखान के मुताबिक, इसमें 80 रुपये का उछाल आ सकता है.

52 हफ्तों का हाई करेगा पार

अगर शेयरखान का अनुमान सही निकलना है तो यह शेयर अपना 52 हफ्तों का हाई पार कर जाएगा. इसका 52 हफ्तों का सर्वोच्च स्तर 576 रुपये है. यह अपने हाई से करीब 7 रुपये नीचे चल रहा है. मंगलवार के ट्रेड में यह शेयर 571 रुपये के स्तर तक पहुंचा था. टाटा मोटर्स के शेयर पिछले एक साल में करीब 32 फीसदी ऊपर चढ़े हैं. वहीं, केवल 2023 की बात करें तो इसमें 45 फीसदी की तेजी आई है. कंपनी का मार्केट कैप एनएसई पर 2.02 लाख करोड़ रुपये है. अधिकांश एक्सपर्ट्स ने इसे बाय रेटिंग दी है. कंपनी को बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में 1,05,932 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई. इस अवधि में कंपनी का मुनाफा 5408 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 1033 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था. वार्षिक आधार पर देखें तो 2019 से लगातार घाटा झेल रही टाटा मोटर्स इस साल अब तक 2414 करोड़ रुपये का मुनाफा बना चुकी है

## अपनी सुविधानुसार निकाल पाएंगे पैसे, एकमुश्त निकासी की जगह मिलेंगे कई ऑप्शन

**नई दिल्ली।** नेशनल पेंशन स्कीम सिस्टम में पैसा लगाने वालों के लिए अच्छी खबर है.अब एनपीएस से पैसा निकालना ज्यादा सुविधाजनक होने वाला है. पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी कुल जमा के 60 फीसदी की एकमुश्त निकासी की अनिवार्यता को खत्म करते हुए अब सब?सक्राइबर्स को सिस्टेमैटिक विद्ड्रॉल ऑप्शन मुहैया कराने जा रहा है. नए नियम लागू होने पर सब्सक्राइबर्स 75 साल की उम्र तक समय-समय पर मासिक, तिमाही, छमाही या सालाना आधार पर अपने पैसे निकाल सकेंगे.

## एमआरएफ के शेयर ने पार किया 1 लाख का स्तर सेसेंक्स में ये आंकड़ा छूने वाला पहला स्टॉक

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में मूल्य के हिसाब से सबसे बड़े शेयर एमआरएफ लिमिटेड ने मंगलवार (13 जून,2023) को नया कीर्तिमान हासिल किया। एमआरएफ का शेयर एक प्रतिशत बढ़कर एक लाख रुपये के आंकड़े को छू गया। यह भारतीय बाजार में एक लाख रुपये के स्तर को पार करने वाला पहला शेयर है।आज कारोबारी सत्र की शुरूआत में एमआरएफ का शेयर 1.48 प्रतिशत बढ़कर 52 हफ्तों के उच्चतम स्तर 1,00,439.95 तक पहुंच गया था। वहीं, बीएसई पर शेयर ने 1,00,300 तक के स्तर को छुआ। इससे पहले एमआरएफ के शेयर का उच्चतम स्तर 99,933 रुपये प्रति शेयर था, जो कि 8 मई को छुआ था।एमआरएफ ही नहीं पूरी टायर इंडस्ट्री के शेयरों में तेजी का ट्रेंड देखा जा रहा है। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह टायर बनाने में उपयोग होने वाले क्रूड ऑयल और रबर का सस्सा होना, चीन में मंदी आने की वजह से भारतीय कंपनियों को नए ऑर्डर मिलना और भारत में गाड़ियों की मांग का अच्छा होना है।




# कंगना और इरफान के साथ बनने वाली थी 'टिकू वेड्स शेरू', बॉलीवुड की 'क्वीन' का दिलचस्प खुलासा



नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर की फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पिछले काफी दिनों से इस फिल्म की लगातार चर्चा हो रही है। फिल्म के ट्रेलर को लोगों का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। जल्द ही यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इस फिल्म का निर्माण कंगना रणौत के मणिकर्णिका फिल्म्स की ओर से किया गया है। इस बीच फिल्म का प्रमोशन का करते हुए इसकी निमार्ता कंगना ने फिल्म से जुड़ा एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि 'टीकू वेड्स शेरू' की शुरूआत में उनके और दिवंगत इरफान खान की मुख्य जोड़ी के साथ इस फिल्म को 'डिवाइन लवर्स' के नाम से बनाने की योजना थी। हालांकि, इरफान के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बाद, उन्होंने इस विचार को ठंडे बस्ते में डालने का फैसला करना पड़ा।

फिल्म के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कंगना ने कहा, ''मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं एक नई यात्रा शुरू कर रही हूं। 2006 में मेरी शुरूआत के बावजूद यह फिल्म मुझे फिर से एक नवोदित अभिनेत्री की तरह महसूस कराती है। यह मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है, क्योंकि बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि यह फिल्म पहले इरफान खान और मेरे साथ लॉन्च हुई थी। उस समय इसका नाम 'डिवाइन लवर्स' था। दुर्भाग्य से, हमारे निर्देशक साईं कबीर गंभीर रूप से बीमार पड़ गए, जिसके कारण परियोजना में 3-4 साल की देरी हुई।'' उन्होंने आगे बताया, ''जब कबीर सर लौटे तब तक हम इरफान साहब को खो चुके थे। इस बात ने हमें काफी ज्यादा निराश कर दिया था।



# ओपनिंग वीकेंड के लिए बिकी इतनी टिकटें, पठान के बाद बनेगा बड़े कलेक्शन का रिकॉर्ड?

ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' एडवांस बुकिंग में ही धांसू कमाई कर रही है। रामायण की कहानी को दिखाती यह फिल्म 21वीं सदी के हिसाब से बनाई गई है। यही वजह है कि फिल्म में भर-भरकर वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है। बहरहाल, एडवांस बुकिंग में यह फिल्म शानदार कलेक्शन कर रही है। मंगलवार को पीवीआर सिनेमा ने अपडेट दिया था कि फिल्म के एक लाख टिकट्स बिक चुके हैं। अब पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, ओपनिंग वीकेंड के लिए 'आदिपुरुष' ने इससे भी शानदार कलेक्शन किया है। बुधवार दोपहर तीन बजे तक, ओम राउत की डायरेक्ट की गई इस फिल्म ने 3.50 लाख टिकट्स बेचे। यह नेशनल चेन्स (पीवीआर, आईनॉक्स और सिनेपॉलिस) के



ओपनिंग वीकेंड के आंकड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा टिकट पीवीआर में 1.77 लाख बिकी है। इसके बाद आईनॉक्स में 1.05 लाख और सिनेपॉलिस में 73,000 टिकट्स बिक गई है।

नेशनल चेन्स पर हिंदी बेल्ट की बुकिंग सबसे आगे है। पीवीआर, आईनॉक्स और सिनेपॉलिस की के कुल बिकी टिकटों को देखें, तो सबसे ज्यादा टिकट हिंदी में 2.30 लाख बिकी है। इसके बाद तेलुगू में 1.20 लाख टिकट्स तीनों मल्टीप्लेक्स में बिके हैं। अगर ओपनिंग डे सेल्स की बात करें, तो दोपहर तीन बजे तक तीनों नैशनल चेन्स में फिल्म के 1.25 लाख टिकट्स बिके थे। हाल ही में रणबीर कपूर ने इस बात का एलान किया कि वह आदिपुरुष के लिए खरीदे जाने वाले 10,000 टिकट्स वंचित बच्चों को डोनेट करेंगे। इसी तरह साउथ सुपरस्टार अभिषेक अग्रवाल ने भी कुछ दिनों पहले एलान किया था कि वह आदिपुरुष के लिए 10,000 टिकट्स खरीदेंगे। यह टिकट्स तेलंगाना के सरकारी स्कूल, अनाथ आश्रम और वृद्धाश्रम में बांटी जाएंगी। फिल्म में प्रभास, राघव के रोल में, और कृति सेनन, जानकी के रोल में दिखेंगी। सैफ अली खान ने लंकेश नाम का किरदार निभाया है, जो कि रावण का किरदार है।

# जरा हटके जरा बचके ने पार किया 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा

2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके को बेशक समीक्षकों द्वारा कुछ खास प्रतिक्रियाएं नहीं मिली हैं, लेकिन इसके बावजूद फिल्म टिकट खिड़की पर शानदार कारोबार कर रही है। फिल्म को दर्शकों द्वारा भरपूर प्यार मिल रहा है, जिसके चलते अपनी रिलीज के 10वें दिन जरा हटके जरा बचके ने 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, जरा हटके जरा बचके ने रिलीज के 10वें दिन 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है और अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53.28 करोड़ रुपये हो गया है। जरा हटके जरा बचके का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इसमें विक्की और सारा के अलावा शारिब हाशमी, सुष्मिता बनर्जी, नीरज सूद और इनामुलहक भी अहम भूमिकाओं




में हैं। जरा हटके जरा बचके लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी है।विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके ने कमाई के मामले में कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। 40 करोड़ रुपये में बनी ये विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म ने कुछ ही दिनों में बजट से ज्यादा कमाई कर ली है।विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके की कमाई के इन आंकड़ों को देखने के बाद फैंस और मेकर्स काफी खुश दिखाई दिए।विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके की फिल्म में 10वें फिर उछाल देखने को मिला है। विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके की कमाई में 25 प्रतिशत उछाल देखने को मिल है।

# दिव्यांका त्रिपाठी और हिना खान फिर खतरों के खिलाड़ी 13 में आएंगी नजर

अगर आप रियलिटी शो को और दिलचस्प बनाना चाहते हैं तो फैंस के लिए ये और भी अच्छा होता है। रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किया जाने वाला शो खतरों के खिलाड़ी 13 बस यही करना चाहता है और इसलिए उन्होंने इस बार शो में कुछ नए बदलाव किए हैं। मेकर्स ने दिव्यांका त्रिपाठी और हिना खान से केपटाउन जाने के लिए संपर्क किया है ताकि वो उन कंटेस्टेंट्स में शामिल हो सकें जो इस समय आपस में कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इसके पीछे का कारण भी काफी दिलचस्प है। हालांकि, हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि हिना खान और दिव्यांका त्रिपाठी गेस्ट के रूप में आने के लिए कहा गया है या नहीं। इससे पहले शो से जुड़ी एक और खबर आई थी कि दो कंटेस्टेंट्स शिव ठाकरे और अर्चना गौतम के बीच फिर से झगड़ा हो गया और इस बार ये खतरों के खिलाड़ी 13 के सेट पर हुआ।इस बीच, रोहित शेट्टी कंटेस्टेंट्स के साथ शो को कर रहे हैं और सभी कंटेस्टेंट्स के साथ मिलकर सो को





आगे बढ़ा रहे हैं। रोहित शेट्टी के शो में खतरों के खिलाड़ी बने सभी कंटेस्टेंट्स आपस में जोरदार भिड़ंत कर रहे हैं।दिव्यांका और हिना की बात करें तो, उन्हें अभी कुछ दिन पहले ही कॉल आया है और उन्होंने अभी तक शो को साइन नहीं किया है। अब देखना ये है कि क्या दोनों एक्ट्रेसेस अगले कुछ दिनों में मुंबई-केप टाउन की उड़ान भरती हैं या नहीं। शो में आगे क्या होगा, ये देखना दिलचस्प होगा।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .